बिहार सरकार
वित्त (अंकेक्षण) विभाग
बिहार, पटना

अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या 04 / 15–16

(1) परिचयात्मक

**(क) अंकेक्षित लेखा का नाम –** :– **जिला कल्याण कार्यालय, सहरसा के अन्तर्गत पिछड़ी जाति / अन्य पिछड़ी जाति छात्रवृति लेखा का अंकेक्षण।**

**(ख) अंकेक्षणान्तर्गत लेखावधिः–** **वित्तीय वर्ष – 2010–11 से 11–12 तक**

**(ग) प्रशासी विभाग का नामः–** **पिछड़ी जाति / अन्य पिछड़ी जाति कल्याण** विभाग

(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल, :– (i) श्री राजेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक कल्याण, कोशी प्रमंडल सहरसा दि० 03.03.10 से 30. 08.2010 तक

(ii) श्री प्रमोद कुमार, उप निदेशक कल्याण, कोशी प्रमंडल सहरसा दि० 30.08.10 से 23.06.11 तक

(iii) श्री राजेन्द्र राम, (बि0 प्र0 से0) उप निदेशक कल्याण, कोशी प्रमंडल सहरसा दि० 23.06.11 से 29.07.11 तक

(iv) श्री अरविन्द कुमार, उप निदेशक कल्याण, कोशी प्रमंडल सहरसा दि० 29.7.11 से 30.04.13 तक

**(ड़) अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के नाम पदनाम एवं कार्यकाल :–**

(i) श्री प्रमोद कुमार (बि0प्र0से0), जि० क० पदा०, दि० 25.03.09 से 20.7.11 तक

(ii) श्री अवधेश राम, जि० क० पदा० – दि०– 20.7.11 से 18.1.12 तक

(iii) श्री अरविन्द कुमार, जि० क० पदा० दि० --19.8.12 से 18.07.12 तक।

(iv) श्री दिवाकर झा प्रधान लिपिक, दि० 01.04.2010 से 31 3.11 तक।

(v) श्री चन्द्रशेखर नारायण सिंह, प्रधान लिपिक, दि० 31.3.11 से 31.3.12 तक।

(vi) श्री सुरेश प्रसाद, नाजिर (लेखापाल), दि० 01.04.2010 से 31.3.12 तक।

**(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले पदाधिकारी / कर्मचारी का नाम एवं पदनाम :–**

(1) श्री जगदीश प्रसाद **वर्मा, वर्तमान नाजिर।**

(2) श्री **भूपेन्द्र प्रसाद** यादव, **स0 शि0 सह–छात्रावास का अधिक्षक अं0 आ0क0 उ0 वि0** सहरसा।

(छ) वरीय **अंकेक्षकों के** नामः– (1) श्री अरविन्द कुमार सिंह, व0अं0–2
(2) श्री अमर नाथ भगत, व0अं0–2
(3) श्री भोला नाथ मंडल, व0अं0–2

(ज) अंकेक्षण प्रारम्भ तिथि :– 4.1.2014 (15.02.14 को स्थगित) पुनः 09.06.

2014

(झ) अंकेक्षण समाप्ति तिथि :— 25.08.14

(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस :— $60\frac{2}{3}$ दिन समेकित रूप में।

(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची:— **— अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (क) पर अंकित है।**

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र :—**

**(i) अंकेक्षण का प्रकार :—** **सामान्य अंकेक्षण।**

**(ii)** वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश संख्या एवं तिथि :— विभागीय ज्ञापांक 3286, वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना। दिनांक — 16.09.1960 एवं ज्ञापांक 139 दिनांक 19.12.2013 में लोहित। निदेशानुसार प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर अंकेक्षण कार्य सम्पन्न किया गया।

**(iii)** कार्यालय का कार्यक्षेत्र :— जिला कल्याण कार्यालय सहरसा के अन्तर्गत पिछड़ी एवं अन्य पिछड़ी जाति के छात्रों के शैक्षणिक विकास हेतू छात्रवृति प्रदान करना है। जिससे छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में अत्यधिक विकास हो सके तथा छात्रों को अर्थिक बाधाओं का सामना न करना पड़े। साथ—साथ परिवारों को भी अर्थिक सहायता प्रदान कर परिवार का उत्थान का रास्ता प्रस्सत्र करना इत्यादि।

**(iv)** वित्तीय स्त्रोत :— आवंटन।

लेखा वर्ष 2010—11 एवं 11—12 के आवंटन — व्यय विवरणी परिशिष्ट "ख" पर संलग्न है। जिसके अवलोकन से ज्ञात होता है कि व्यय आवंटन के अन्तर्गत ही किया गया है। एवं बचत राशि प्रत्यार्पण किया हुआ पाया गया।

**(v)** कोषागार अभिलेख से सत्यापन की स्थिति :—

वर्ष 10—11 एवं 11—12 का कोषागार अभिलेखों एवं कम्प्यूटर के द्वारा निकासी की गई राशि का कोषागार सत्यापन शत् प्रतिशत किया गया एवं सही पाया गया।

(vi) महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थितिः– महालेखाकार के अंकेक्षण प्रतिवेदन बार–बार अनुरोध के बाबजूद उपलब्ध नहीं कराया गया। जिससे अनुपालन की स्थिति ज्ञात नहीं हो सकी।

(vii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थितिः– कार्यालय द्वारा वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व का अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया इस लिए अनुपालन नहीं हो सका।

**(3) वित्तीय समीक्षा :–**

(i) आवंटन की स्थिति में – क्या आवंटन से अधिक की निकासी की गई थी :– नहीं

(ii) अनुदान की स्थिति :– अनुदान की राशि प्राप्त नहीं था।

(iii) प्राप्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रशासी विभाग को प्रेषित किया गया था – अनुदान से राशि प्राप्त नहीं होने के कारण उपयोगिता प्रमाण पत्र का प्रश्न नहीं उठा।

(iv) रोकड़ पंजी में संवरण शेष के नगद राशि का भौतिक सत्यापन की स्थिति :– सामान्य रोकड़ पुस्त अद्यतन नहीं होने के कारण तथा अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि को मदवार विवरण अंकित नहीं होने के कारण एवं बैंक विवरणी भी बार–बार अनुरोध के बाबजूद उपलब्ध नहीं होने के कारण नगद का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया। जिस ओर प्रशासी विभाग का ध्यान आवश्यक कार्रवाई हेतु आकृष्ट किया जाता है।

(v) रोकड़ पुस्त के संवरण शेष की स्थिति :– वर्ष 10–11 एवं 11–12 के प्रारम्भण एवं संवरण शेष की शीर्षवार विवरणी परिशिष्ट "ग" पर दर्शाया गया है। जिसके अवलोकन से स्पष्ट होगा कि विभिन्न शीर्षो के अन्तर्गत आवंटन के विरूद्ध व्यय की प्रत्याशा में निकासी की गई राशि वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक खर्च नहीं किया गया था। फलस्वरूप रोकड़ शेष के रूप में एक मोटी रकम सहायक रोकड़ पुस्त में पड़ी पाई जो बिहार वित्तीय नियमावली के भाग–1 के नियम 13 एवं बिहार कोषागार संहिता भाग–1 के नियम 300 के विरूद्ध है। सहायक रोकड़ पुस्त के संवरण शेष के विरूद्ध सभी मदों (सामान्य रोकड़ पुस्त) की राशि बैंक खातों में समेकित रूप से जमा होने के फलस्वरूप सत्यापित नहीं किया जा सके।

4. अंकेक्षण कार्यालय के स्वीकृत एवं कार्यरत रिक्त पदों का विवरण :– अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत / कार्यरत / रिक्त पदों की विवरणी परिशिष्ट "घ" पर संलग्न है।

## भाग – 2

**5. रू0 – 25,22,665.00 का भुगतान अभिश्रव सह उपयोगिता प्रमाण पत्र के अभाव में दिये गये राज्य से बाहर के छात्रों की छात्रवृति राशि आपत्ति अंतर्गत :–**

वर्ष 2010–11 एवं 11–12 के अत्यन्त पिछड़े वर्ग के छात्रों को प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति (राज्य के बाहर) संबंधित अभिश्रवों, रोकड़ पुस्त एवं अन्य अभिलेखों के जाँच में पाया गया कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में (राज्य के बाहर) नामंकन के उपरान्त, उन्हें आय के आधार पर छात्रवृति का भुगतान किया गया था। जो उनके वार्षिक आय से अधिक शिक्षण शुल्क का भुगतान किया गया था। विवरणी परिशिष्ट "ड़" पर संलग्न है।

इस संबंध में सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थानों की सूची तथा भुगतान सह उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग की गई लेकिन कार्यालय द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः उच्चाधिकारियों का ध्यान संस्थान की मान्यता वार्षीक आय की सत्यता की जाँच अपने स्तर करने हेतु आकृष्ट किया जाता है। अंकेक्षण समाप्ति तक भुगतान उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्राप्त रहने के कारण रूपये 25,22,665.00 अपत्ति अन्तर्गत रखी जाती है। कृत कारवाई एवं अनुपालन से अंकेक्षण को भी अवगत कराया जाए।

6. प्रवेशिकोत्तर मद में वितरित छात्रवृति का भुगतान अभिश्रव सह उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्रस्तुत रूपये 1181238.00 आपत्ति अन्तर्गत :–

वर्ष 2010–11 एवं 11–12 में अन्य पिछड़ी जाति छात्र/छात्राओ जो संस्थानों में पढ़ रहे है। उन्हें प्रवेशिकोत्तर मद में वितरित राशि का मिलान एवं जाँच संबंधित रोकड़

पुस्त, भुगतान पंजी, चेक पंजी, से किया गया। जाँच के दौरान छात्रवृति के भुगतान से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र सह भुगतान विवरणी की मांग की गई लेकिन उपलब्ध नहीं कराया गया। सहायक रोकड़ पुस्त के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि विभिन्न चेकों द्वारा छात्रवृत्ति भुगतान हेतु विभिन्न संस्थानों को राशियाँ प्रेषित किया गया था। परन्तु व्यय पक्ष में यह अंकित नहीं पाया गया कि किस विपत्र के विरूद्ध छात्रवृति का भुगतान किया गया। इसे अंकित करना आवश्यक है। जिसे विचलन की संम्भावना न हो । साथ ही भुगतान की स्वीकृति सूची एवं संबंधित आवेदन इत्यादि भी अंकेक्षण में उपलब्ध नहीं कराया गया। जिससे भुगतान के वास्तविकता का सत्यापन कार्य नहीं हो सका। विवरणी परिशिष्ट "च" पर संलग्न है। इस संबंध में उठाई गई आपत्ति का अनुपालन कर भी नहीं लौटाई गई।

अतः अत्यन्त पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को छात्रवृति संबंधि भुगतान का भुगतान सह उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण रूपये 1181238.00 आपत्ति अन्तर्गत रखी जाती है। तथा सुझाव दिया जाता है कि व्यय पक्ष में विपत्र सं0 – आवश्य अंकित किया जाए जिससे विचलन की संभावना न हो। साथ ही अभिश्रव सह उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत की जाए जिससे भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किये गये कार्रवाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी अवगत कराई जाए।

7. रूपये 1064280.00 का प्रखंड को दी गई छात्रवृति की राशि का भुगतान सह उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्राप्त राशि आपत्ति अन्तर्गत :–

वर्ष 2010–11 एवं 11–12 में जिला कल्याण कार्यालय सहरसा द्वारा विभिन्न तिथियों को छात्रवृति भिन्न–भिन्न मदों में वितरण हेतु राशि विभिन्न तिथियों को चेक के

माध्यम से प्रेषित किया गया था। जिसका भुगतान सह उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं रोकड़ पुस्त के जाँच एवं सत्यापन हेतू कार्यालय द्वारा प्रखंड कार्यालयों का बुलाया गया था। जिसमें 10 प्रखंड में सिर्फ एक प्रखंड सौर बाजार कागजातों के साथ उपस्थित हुए लेकिन अन्य कोई भी प्रखंड या जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा भुगतान सह उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके पूर्व स्मार–पत्र भी निर्गत की गई। इस संबंध में उठाई गई आपति का भी अनुपालन कर नहीं लौटाई गई।

अतः अभिश्रव सह उपयोगिता प्रमाण पत्र के अभाव में दिये गये राशि के भुगतान की वास्तविकता की जाँच नहीं की जा सकी रू0 1064280.00 का प्रखंडवार विवरण परिशिष्ट "छ" पर अंकित है। इस ओर उच्चाधिकारियों का घ्यान आकृष्ट किया जाता है। कि उपर्युक्त राशि के भुगतान के वास्तविकता की जाँच एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर अनुपालन से तथा कार्रबाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया जाय।

8. रोकड़ पुस्त का नियमानुकूल संघारण नहीं करने के संबंध में :–

वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 के छात्रवृति मद के लेखा की जाँच में पाया गया कि बिहार वित्त नियमावली एवं बिहार संहिता भाग–1 के नियमानुसार लेखा का संधारण नहीं किया गया था। जाँच में पाया गया कि सहायक रोकड़ पुस्त में संवरण शेष का मदवार तथा विपत्रवार ब्यौरा अंकित नहीं करने के कारण रोकड़ शेष की राशि का मद एवं लंबित रहने की अवधि स्पष्ट नहीं था। जिससे पता चले कि किस प्रकार के छात्रवृति का कितना राशि शेष है। उपर्युक्त अवधि में कभी कार्यालय प्रधान द्वारा लेखा का विस्तृत जाँच एवं संधारण शेष का भौतिक सत्यापन पर तत्संबंधि प्रमाण पत्र अंकित नहीं किया गया था।

अतः भविष्य में त्रुटियों की पुनरावृति न हो इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई सक्षम पदाधिकारी से अपेक्षित है।

9. विभागीय पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं करने के संबंध में :–

विहार वितीय नियमावली भाग–1 के नियम 300 ए तथा बिहार पार्सदीय नियमावली के नियम 80 ए के अनुसार नियंत्री पदाधिकारी को अपने अधिनस्थ कार्यालय का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रशासी विभाग एवं महालेखाकार को प्रतिवर्ष प्रेषित करना अपेक्षित है। कि लेखा एवं अन्य कार्य नियमानूकूल ढंग से हो रहा था। अंकेक्षित अवधि में एक वार भी ऐसा नहीं किया गया था। अतः सक्षम पदाधिकारी से यह अपेक्षा है कि लेखा अभिलेख को नियमानुकूल संधारण हेतू समय–समय पर कार्यालय का निरीक्षण कर प्रतिवेदित किया जाए।

उप लेखा नियंत्रक
वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना।

मिलान एवं शुद्धि कर्त्ता का ह0
मंजु कुमारी, व0 अं0–2

# परिशिष्ट " क "

(कंडिका 1 ट से संबंधित)

(1) अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–

1 विपत्र पंजी वर्ष 10–11 एवं 11–12

2 सामान्य रोकड़ पुस्त – वर्ष 10–11 एवं 11–12

3 सहायक रोकड़ पुस्त

(1) आवासीय विद्यालय योजना वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(2) स्वरोजगार योजना वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(3) बालिका सम्वृद्धि योजना – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(4) सूचना का अधिकार – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(5) विविध – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(6) अन्य पिछड़ी जाति क0 अ0 वि0 सहरसा के छात्रों के भोजन आदि – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(7) अन्य पिछड़ी जाति अ0क0 वि0 सहरसा के शिक्षकों के वेतन आदि – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(8) अन्य पिछड़ी जाति छात्रवृति –वर्ष – 10–11 एवं 11–12

(9) पिछड़ी जाति गृह निर्माण योजना – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

4 चेक निर्गत पंजी – वर्ष – 10–11 एवं 11–12

5 अग्रिम पंजी– वर्ष – 10–11 एवं 11–12

6 अग्रिम रोकड़ पंजी वर्ष – 10–11 एवं 11–12

7 वेतन भुगतान पंजी वर्ष – 10–11 एवं 11–12

8 अभिश्रव गार्ड फाईल– वर्ष – 10–11 एवं 11–12

9 छात्रवृति भुगतान पंजी एवं अभिश्रव। वर्ष – 10–11 एवं 11–12

10 आवंटन पंजी

11 उपस्थिति पंजी

(ख) अप्रस्तुत अभिलेख की सूची :–

1. चेक के अघकटी
2. स्वीकृत / चयनित छात्रों की सूचि।
3. सरकारी स्कूलों तथा मान्यता प्राप्त संस्थानों की सूचि।
4. निरिक्षण प्रतिवेदन
5. अंकेक्षण प्रारूप प्रतिवेदन, महालेखाकार एवं वित्त विभाग
6. आदेश गार्ड फाईल इत्यादि

परिशिष्ट "ख"

[illegible]डिका 2 (4) से संबंधित

[illegible] पिछड़ी जाति कल्याण आवासीय [illegible] के स्थापना एवं छात्रवृति संबंधित आवंटन व्यय वर्ष – 2010-11

| क्र० सं० | मद का मद | प्राप्त आवंटन की राशि | व्यय की गई राशि | बचत राशि | अधिक व्यय की राशि | प्रत्यार्पित पत्रांक दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | स्थापना (वेतन एवं भत्ते) | 37,01,500.00 | 26,86,083.00 | 10,15,417.00 | 0.00 | 378–2 / 31.03.11 |
| 2 | सामग्री एवं पूर्तियाँ | 12,00,000.00 | 10,64,125.00 | 1,35,875.00 | 0.00 | 378–2 / 31.03.11 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 10,000.00 | 1,989.00 | 8,011.00 | 0.00 | 378–2 / 31.03.11 |
| 4 | यात्रा भत्ता | 7,000.00 | 5,500.00 | 1,500.00 | 0.00 | 378–2 / 31.03.11 |
| 5 | वर्दी | 1,000.00 | 0.00 | 1,000.00 | 0.00 | 378–2 / 31.03.11 |
| 6 | विघुत प्रभार | 50,000.00 | 0.00 | 50,000.00 | 0.00 | 378–2 / 31.03.11 |
| 7 | पिछड़ी जाति छात्रवृति प्र० वि० / म० वि० / उ० वि० | 40,00,000.00 | 39,99,480.00 | 520.00 | 0.00 | 370–2 / 31.03.11 |
| 8 | प्रवैधिकि छात्रवृत्ति | 50,000.00 | 49,520.00 | 480.00 | 0.00 | 370–2 / 31.03.11 |
| 9 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति | 40,00,000.00 | 39,99,480.00 | 520.00 | 0.00 | 370–2 / 31.03.11 |
| 10 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति | 40,00,000.00 | 39,99,960.00 | 40.00 | 0.00 | 370–2 / 31.03.11 |

अन्य पिछड़ी जाति कन्या आवासीय विद्यालय सहरसा के स्थापना एवं छात्रवृति संबंधित आवंटन – व्यय वर्ष – 2011– 12

| क्र० सं० | मद का नाम | प्राप्त आवंटन की राशि | व्यय की गई राशि | बचत राशि | अधिक व्यय की राशि | प्रत्यार्पित पत्रांक दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वेतन | 21,91,617.00 | 18,30,845.00 | 3,60,772.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 2 | म0 भत्ता | 6,47,936.00 | 6,47,936.00 | 0.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 3 | मकान किराया | 1,38,920.00 | 1,38,920.00 | 0.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 4 | चि0 भत्ता | 14,000.00 | 14,000.00 | 0.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 5 | समग्री एवं पूर्तियाँ | 17,00,000.00 | 16,79,753.00 | 20,247.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 6 | कार्यालय व्यय | 10,000.00 | 2,000.00 | 8,000.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 7 | विघुत प्रभार | 50,000.00 | 0.00 | 50,000.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 8 | यात्रा भत्ता | 7,000.00 | 0.00 | 7,000.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 9 | व्यवसायिक सेवाऐं | 2,50,000.00 | 26,129.00 | 2,23,871.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 10 | वर्दी | 1,000.00 | 0.00 | 1,000.00 | 0.00 | 158–2 / 31.03.12 |
| 11 | प्रा0 वि0 / म0 वि0 / उ0 वि0 छात्रवृति 197 ब्लॉक पंचायत | 28,00,000.00 | 22,99,910.00 | 5,00,090.00 | 0.00 | 162–2 / 31.03.12 |
| 12 | प्रा0 वि0 / म0 वि0 / उ0 वि0 छात्रवृति 297 शहरी शिक्षा | 10,00,000.00 | 9,94,450.00 | 5,550.00 | 0.00 | 162–2 / 31.03.12 |
| 13 | प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति एवं आय पिछड़ी जाति राज्य से वाहर एवं अन्य | 1,50,00,000.00 | 1,49,95,650.00 | 4,350.00 | 0.00 | 162–2 / 31.03.12 |

परिशिष्ट "ग"

कंडिका 3 (5) से संबंधित

| क्र० सं० | सहायक रोकड़ पुस्त के नाम | प्रारम्भिक शेष दिनांक 1.4.10 | संवरण शेष 31.3.11 | संवरण शेष 31.03.12 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अन्य पिछड़ी जाति क उ वि0 सहरसा के छात्रों का भोजन आदि | 4,41,166.00 | 2,26,075.00 | 2,34,344.00 |
| 2 | अन्य पिछड़ी जाति क उ वि0 सहरसा के शिक्षकों के वेतन | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | आवासीय वि0 योजना | 13,90,481.00 | 13,90,481.00 | 13,90,481.00 |
| 4 | अन्य पिछड़ी जाति छात्रवृति | 35,33,319.00 | 24,29,513.00 | 2,28,68,446.00 |
| 5 | स्वरोजगार योजना | 89,659.72 | 33,863.72 | 50,863.72 |
| 6 | बालिका समृद्धि योजना | 18,23,503.00 | 18,23,503.00 | 18,23,503.00 |
| 7 | सूचना का अधिकार | 856.00 | 844.00 | 1,134.00 |
| 8 | विविध | 1,68,104.00 | 30,11,824.00 | 43,39,039.00 |
| | | 74,47,088.72 | 89,16,130.72 | 3,07,07,810.72 |

परिशिष्ट "घ"

कंडिका 4 से संबंधित

3. अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या उ0 वि0 सहरसा के स्वीकृत/कार्यरत/ रिक्त बल की सूची

| क्र0 स0 | पदनाम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | रिक्त बल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्राचार्य | 1 | 0 | 1 |
| 2 | स्नातक प्रशि0 शिक्षक | 9 | 1 | 8 |
| 3 | व्यख्याता | 6 | 0 | 6 |
| 4 | कम्प्यूटर शिक्षक | 1 | 0 | 1 |
| 5 | रसोईया | 4 | 2 | 2 |
| 6 | रात्रि प्रहरी | 2 | 0 | 2 |

परिशिष्ट "ङ"

कंडिका 5 से संबंधित

राज्य से बाहर अध्ययनरत प्रवेशिकोत्तर छात्र / छात्राओं (अत्यंत पिछड़ी जाति) को दी गई वर्ष 2011–12 छात्रवृत्ति की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्राप्त कुल रू0 2522665.00 आपत्तिअन्तर्गत :–

| क्र० सं० | भुगतान तिथि | छात्र का नाम एवं पिता का नाम | संस्थान का नाम पता | कोर्स / वर्ग | चेक सं0 / तिथि | राशि | वार्षिक आय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | नरेश कुमार, पिता – श्याम सुन्दर शर्मा | निदेशक, ए सी एम ई0 कॉलेज ऑफ इजिनियरिंग, मुरादनगर, गजियाबाद, (यू0पी0) | बी0 टेक 1 ईयर | SBI-092861 / 11-12-11 | 72,925.00 | 35,000.00 | छात्रावासी जाति ताती 1 |
| 2 | | विजय कुमार, पिता– उमेश दास | निदेशक, ओरियेंटल ईटिचियूट ऑफ साईस एण्ड टेक्नोलॉजी, भोपाल (एम0पी0) | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092862 / 11-12-11 | 73,325.00 | 30,000.00 | छात्रावासी ततमा 1 |
| 3 | | बब्लू कुमार, पिता– देवी लाल दास | निदेशक, ए सी एम ई0 कॉलेज ऑफ इजिनियरिंग, मुरादनगर, गजियाबाद, (यू0पी0) | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092863 / 11-12-11 | 67,950.00 | 38,000.00 | छात्रावासी ताती 1 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | ऋषि देव कुमार, पिता रामदेव साह | निदेशक, ए टी एम ई0 कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग, मुरादनगर, गजियाबाद, (यू0पी0) | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092864 / 11-12-11 | 67,950.00 | 35,000.00 | छात्रावासी हलवाई |
| 5 | | मो0 अरसद अली, पिता- मो0 अली | निदेशक काला सलिग्राम यूनिर्वरसिटी, आनन्द नगर तामीलनाडू | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092865 / 11-12-11 | 68,825.00 | 40,000.00 | छात्रावासी ईदगीली 1 |
| 6 | | मो0 अपसार अली, पिता– मो0 अली | निदेशक काला सलिग्राम यूनिर्वरसिटी, आनन्द नगर तामीलनाडू | बी0 टेक 3 ईयर | SBI-092866 / 11-12-11 | 68,825.00 | 40,000.00 | छात्रावासी ईदगीली 1 |
| 7 | | मो0 जुनैद आलम, पिता– मो0 अब्दूल वारी | रजिर्स्टर काथली ए स्कूल ऑफ ईजिरियरिग एण्ड टेकनोलॉजी काजीसर कलकता | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092867 / 11-12-11 | 73,120.00 | 25,000.00 | दिवाकालीन कलाम 1 |
| 8 | | विजय कुमार, पिता– उमेंश दास | डायरेक्टर, ओरियन्अल ईटिम्रिट आयासाईस एण्ड टेक्नोलॉजी टकराड रोड भोपाल, एम पी | बी0 ई0 3 ईयर | SBI-092858 / 1-12-11 | 73,325.00 | 45,000.00 | छात्रावासी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | लालू कुमार, पिता रविन्द्र शर्मा | प्रिंसीपल लवली प्रोफेशनल यूनिवरसिटी, जलंधर, पंजाब | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092869 / 26-12-11 | 1,00,000.00 | 40,000.00 | बढ़ई—1 |
| 10 | | रंजीत कुमार, पिता— राम कुमार शर्मा | रजिस्ट्रर बंगाल कॉलेज ऑफ ईजिरियरिंग एण्ड टेकनोलॉजी दुर्गापुर, प0 बंगाल | बी0 टेक 4 ईयर | SBI-092870 / 26-12-11 | 44,300.00 | 40,000.00 | बढ़ई—1 |
| 11 | | मो0 रहमत अली | जन फेकल्टी ऑफ फार्मेसी भूडेली। | एम फर्मा 2 ईयर | SBI-092871 / 26-12-11 | 76,520.00 | 32,000.00 | कुजरा—1 |
| 12 | | ललन कुमार, पिता— श्याम सुन्दर प्रसाद | डिप्टी रजिस्टार, वीरभूम इटिलिभूट ऑफ इजिरियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, वीरभूम (वे0 बंगाल) | बी0 टेक 3 ईयर | SBI-092872 / 26-12-11 | 46,425.00 | 40,000.00 | केवट 1 |
| 13 | | तनवीर आलम, मो0 अब्बास | रजिस्ट्रार, ईटिगरल यूनिर्भसिटी, कुली रोड, लखनउ, यूपी | डिप्लोमा इंग सिविल इजिनियरिंग 1 ईयर | SBI-092873 / 26-12-11 | 21,710.00 | 40,000.00 | मठियार 1 |
| 14 | | सुशांत कुमार पिता— कैलाश प्र0 शर्मा | डान सिलिकॉन इस्टियमूट ऑफ टेकनोलॉजी, भुनेश्वर, | बी0 टेक 4 ईयर | SBI-092874 /26-12-11 | 79,330.00 | 45,000.00 | नागर 1 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उडीसा | | | | | |
| 15 | | राकेश कुमार, पिता - पवन किशोर साह | रजिस्ट्रार, भी आई आई यूनिवरसिटी, भेलोर, तामिलनाडु | बी0 टेक 4 ईयर | SBI-092875 /26 12 11 | 86,330.00 | 30,000.00 | [illegible]ाई 1 |
| 16 | | प्रहलाद कुमार, पिता– शिव नारायण तांती | डायरेक्टर, एच आर इस्टीचियूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेरूत, गाजियाबाद, यूपी | बी0 टेक (ई0 सी0 ई0) 1 ईयर | SBI-092876 /26-12-11 | 85,750.00 | 40,000.00 | तांती 1 |
| 17 | | सज्जन कुमार, पिता– वैधनाथ मेहता | रजिस्टार, तक्षशिला बिजिनेस स्कूल ग्र नोयडा, यूपी | पी0 जी0 डी0 एम0 2 ईयर | SBI-092877 /26-12-11 | 1,00,000.00 | 60,000.00 | धानुक 1 |
| 18 | | नेहा कुमारी, पिता– रामानन्द सिंह | डिप्टी रजिस्टार, वीरभूम इस्टिचियूट वीरभूम (वे0 बंगाल) | बी0 टेक 2 ईयर | SBI 092878 /26-12-11 | 59,625.00 | 45,000.00 | कहार 1 |
| 19 | | पूजा कुमारी, पिता– रामानन्द सिंह | डिप्टी रजिस्टार, वीरभूम इस्टिचियूट, वीरभूम (वे0 बंगाल) | बी0 टेक 2 ईयर | SBI-092879 /26-12-11 | 59,625.00 | 45,000.00 | कहार 1 |
| 20 | | मो0 तौलीफ आलम | रजिस्टार इटिगरल यूनिभसिटी, लखनउ (यूपी) | बी0 फार्म 4 ईयर | SBI-092880 /26-12-11 | 53,400.00 | 48,000.00 | अठिभारा 1 मुस्लिम |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | | अफताब आलम, पिता - [illegible] [illegible] | प्रिंसपल आई एम पी एस कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, मालदा (बंगाल) | बी0 टेक 3 ईयर | SBI-092881 /26-12-[illegible] | 42,520.00 | 50,000.00 | [illegible] |
| 22 | | प्रदीप कुमार, पिता-- रामचन्द्र तांती | निदेशक, वेकेटेश्वर इन्सटीचयूट ऑफ टेकनोलॉजी मेरूत यूपी | बी0 टेक मेकेनिकल इंजिनियरिंग 2 ईयर | — | 88,825.00 | 40,000.00 | तांती 1 |
| 23 | | गौतम सागर, पिता विन्दू कुमार निराला | रजिस्टार, आर्यभट इन्सच्यूट ऑफ इजिनियरिंग एण्ड मेनेजमेट बर्द्धमान वे0 बंगाल | बी0 टेक 1 ईयर | SBI-092883 /26-12-11 | 86,400.00 | 41,000.00 | यादव – 2 |
| 24 | | पुस्कर कुमार, पिता– शिवचन्द्र चौधरी | डायरेक्टर, फोर्ट इन्स्च्यूट ऑ टेक्नोलॉजी मेरूत उतर प्रदेश | एम बी0 ए0 2 ईयर | SBI-092884 /26-12-11 | 1,00,000.00 | 35,000.00 | वनवार 2 |
| 25 | | विकास भारती पिता– विपिन कुमार | डॉन सिलिकॉन इन्सटीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुनेश्वर, उडीसा | बी0 टेक 4 ईयर | SBI-092885 /26-12-11 | 81,400.00 | 50,000.00 | यादव – 2 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | | पूजा कुमारी, पिता– [illegible] चन्द्र गुप्ता | एसोसियेट डीन सेम हाईगिन बॉटम इंस्टीच्यूट ऑफ एग्रीकल्चर टेकनोलॉजी, एण्ड साईंस इलाहाबाद, यूपी | बी0 फार्म 3 ईयर | | 1,00,000.00 | 45,000.00 | नौनियार–2 |
| 27 | | सीमा प्रिया पिता– शिव नारायण साह | प्रिंसीपल, विमयका मिशन यूनिवर्सिटी, ए भी आई टी पायनूर तामीलनयडू | बी0 ई0 3 ईयर | | 66,550.00 | 30,000.00 | सुरी – 2 |
| 28 | | अभिषेक कुमार गुप्ता, अनिल प्रसाद गुप्ता | ज्वाईंट रजिस्टार डा0 एम जी आर इजूकेशनल एण्ड रिसेंच इंस्टिचयूट यूनिवरसिटी पेरियार चेन्नई | बी0 टेक 4 ईयर | — | 1,00,000.00 | 40,000.00 | शौनियार- 2 |
| 29 | | आकाश कुमार आनन्द, पिता दिलीप कुमार भगत | प्रिंसीपल, वेंकटश्वर इंस्टीच्यूट ऑफ टेकनोलोजी दिल्ली मेरठ (यू0पी0) | बी0 टेक 3 ईयर | | 77,710.00 | 45,000.00 | कलवार –2 |
| 30 | | मनीष कुमार, पिता – गौरी किशोर प्रसाद | प्रिंसपल, भारत इंस्टीच्यूट ऑफ साईस एण्ड टैकनोलॉजी चेन्नई | बी0 टेक 4 ईयर | — | 1,00,000.00 | 36,000.00 | नौनियार–2 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | रवि भूषण कुमार, गौरी शंकर चौधरी | प्रिंसपल, डी0 बी0 एस0 आई ऑफ मेरठ यूपी | बी0 टेक 2 ईयर | – | 1,00,000.00 | 35,000.00 | कलवार – 2 |
| 32 | | कुमार जटा शंकर, पिता– मनोज कुमार | रजिस्टार, डा0 एम जी0 आर0 ई0 एण्ड रिसर्च इंस्टीच्यूट यूनिवरसिटी पेरियार | बी0 टेक 2 ईयर | – | 1,00,000.00 | 40,000.00 | यादव – 2 |
| 33 | | पंकज कुमार, शम्भू प्रसाद | रजिस्टार, डा0 एम जी0 आर0 ई0 एण्ड रिसर्च इंस्टीच्यूट यूनिवरसिटी पेरियार | बी0 टेक 2 ईयर | – | 1,00,000.00 | 40,000.00 | यादव – 2 |
| | | | | | योग | 2522665.00 | | |

| परिशिष्ट ''च'' | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कंडिका 6 से संबंधित | | | | | | | | |
| अन्य पिछड़ी जाति प्रवेशिकोतर छात्रवृत्ति वितरण का उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्राप्त की विवरणी कुल रू0 1181238.00 | | | | | | | | |
| क्र० सं० | भुगतान तिथि | छात्र छात्राओं का नाम | संस्थान / महा विद्यालय का नाम | वर्ग | अवधि | चेक सं0 / तिथि | राशि | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 06-06-2011 | राम विलास साह एवं अन्य 02 | राजनीति विज्ञान बी0 एन0 एम0 यू0 स्नातकोत्तर केन्द्र सहरसा। | एम ए 2 | सितम्बर 10 से मार्च 10 तक | भा0 स्टे0 बैंक 092659 / 06.6.11 से 092661 / 06. 6.11 तक | 4,476.00 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 06-06-2011 | अनिषा राज एवं अन्य 18 | विभागाध्यक्ष, बी0 एन0 एम0यू0 इतिहास विभाग, पी0 जी0 केन्द्र सहरसा | एम ए 2 | तदैव | भा0 स्टे0 बैंक 092662 / 06.6.11 से 092680 / 06 6.11 तक | 23,788.00 | |
| 3 | 06-06-2011 | कुमूद प्रकाश एवं अन्य 07 | विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान बी0 एन0 एम0यू0 पश्चिमी परिसर सहरसा | तदैव | तदैव | भा0 स्टे0 बैंक 092681 / 06.6.11 से 092688 / 06. 6.11 तक | 10,796.00 | |
| 4 | 06-06-2011 | अवधेश कुमार एवं अन्य 01 | तदैव, हिन्दी विभाग, बी0 एन0 एम0 यू0 सहरसा | तदैव | तदैव | भा0 स्टे0 बैंक 092689 / 06.6.11 से 092690 / 06. 6.11 तक | 3,785.00 | |
| 5 | 06-06-2011 | विजेन्द्र कुमार साह | तदैव, अर्थशास्त्र विभाग, बी0 एन0 एम0 यू0 सहरसा | तदैव | तदैव | भा0 स्टे0 बैंक 092691 / 06.6.11 | 1,492.00 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 06-06 2011 | विनोद कुमार एवं अन्य 013 (तेरह) | राजेन्द्र मिश्र महाविघालय सहरसा | बी0 बी0 ए | तदैव | भा0 स्टे0 बैंक 092692 / 06.6.11 से 092705 / 06. 6.11 तक | 40,520.00 | |
| 7 | 06-06 2011 | यदुवंशी मेहता एवं अन्य 68 | राजेन्द्र मिश्र महाविघालय सहरसा | बी0 एस0 सी0–I एवं अन्य | तदैव | भा0 स्टे0 बैंक 092706 / 06.6.11 से 092775 / 06. 6.11 तक | 63,792.00 | |
| 8 | 24-06-2011 | रणधीर कुमार | राजेन्द्र मिश्र महाविघालय सहरसा | आई0 एस0 सी0 2 | अप्रैल 10 से मार्च 11 | 107234 /24.06. 11 | 1,200.00 | |
| 9 | 24-06-2011 | नृपेन्द्र कुमार एवं अन्य 157 | एम0 एल0 टी0 कॉलेज, सहरसा | बी0 एस0 सी0 एवं अन्य | सित0 10 से मार्च 11 | 92776 से 92835 एवं 107026 से 107229 तक /24. 6.11 | 1,69,481.00 | |
| 10 | 24-06-2011 | राहुल कुमार एवं अन्य 129 | राजकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज, सहरसा | सिविल 1 | अगस्त 10 से मार्च 11 | 107023 से 107227 / 24.6. 11 | 1,86,600.00 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 08-12-2011 | रानी कुमारी एवं अन्य 118 | लहटन चौधरी महाविद्यालय महिषी सहरसा | आई ए 2 | अप्रैल 11 से मार्च 12 | 314651–314699 / 8.12.11 314701–314749 / 8.12.11 920861–920880 / 8.12.11 | [illegible] | |
| 12 | 08-12-2011 | सुधीर कुमार चौधरी एवं अन्य 50 | राजेन्द्र मिश्र महाविधालय सहरसा | बी0 ए 2 | जुलाई 11 से मार्च 12 | 923021 से 923271 / 8.12.11 | 56,100.00 | |
| 13 | 08-12-2011 | शालिका बेगम एवं अन्य 18 | सर्वनारायण सिंह महाविद्यालय, सहरसा | बी कॉम | तदैव | 923272 से 923290 | 29,674.00 | |
| 14 | 08-12-2011 | पवन कुमार एवं अन्य 64 | माण्डवी रंजीत इन्टर महा0 वि0 सहरसा | बी एस सी | अगस्त 11 से मार्च 12 | 903291 से 923299 एवं 923300 एवं 923001 से 923020 | 67,086.00 | |
| 15 | 08-12-2011 | नेहा कुमारी एवं अन्य 350 | रमेश झा, महा0 सहरसा | आई0 एस0 सी0 I | जुलाई 11 से मार्च 12 | 314566 से 314650 | 3,83,260.00 | |

परिशिष्ट १६

कण्डिका 7 से संबंधित

प्रखंड को विभिन्न मदों में वितरण हेतु दी गयी राशि की विवरणी :–

| क्र० सं० | रोकड़ पंजी में देय तिथि | मद का नाम | प्रखंड का नाम | चेक सं0 / तिथि | राशि | कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | कहरा | 657321 /28 9-11 | 1,50,000.00 | | |
| 2 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | सतर कटैया | 657322 /28-9-11 | 1,10,000.00 | | |
| 3 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | सोनवर्षा | 657323 /28-9-11 | 1,40,000.00 | | |
| 4 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | सौर बाजार | 657324 /28-9-11 | 1,50,000.00 | | |
| 5 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | नवहट्टा | 657325 /28-9-11 | 1,00,000.00 | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | महिषी | 657326 /28-9-11 | 95,000.00 | | |
| 7 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | पतरघट | 657327 /28-9-11 | 90,000.00 | | |
| 8 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | बख्तियारपुर | 657328 /28-9-11 | 1,60,000.00 | | |
| 9 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | सलखुआ | 657329 /28-9-11 | 40,000.00 | | |
| 10 | 28-09-2011 | अन्य पिछड़ी जाति की मैट्रिक छात्रवृति | बनमा इटहरी | 657331 /28-9-11 | 29,280.00 | | |
| | | | | | 10,64,280.00 | 10,64,280.00 | |